भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 2101

31 जुलाई, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

अमृतसर में एम्स के स्तर के संस्थान की स्थापना

†2101. श्री गुरजीत सिंह औजला:

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने पाकिस्तान से सटे एक प्रमुख सीमावर्ती जिले के रूप में अमृतसर की सामरिक स्थिति को देखते हुए, पंजाब स्थित अमृतसर में एम्स के स्तर के संस्थान की स्थापना करने पर विचार किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार इस बात को स्वीकार करती है कि अमृतसर पंजाब के सीमावर्ती क्षेत्र और पड़ोसी क्षेत्रों की एक बड़ी आबादी की चिकित्सीय जरूरतों को पूरा करता है, जबकि निकटतम तृतीयक स्वास्थ्य देखभाल संस्थान जैसे बठिंडा स्थित एम्स, जम्मू स्थित एम्स और चंडीगढ़ स्थित पीजीआईएमईआर काफी दूरी पर स्थित हैं, जिससे गंभीर रूप से बीमार और आपातकालीन रोगियों को अक्सर कठिनाई होती है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार का राष्ट्रीय तैयारी, सीमावर्ती स्वास्थ्य सुरक्षा को सुदृढ़ करने के लिए अमृतसर में उन्नत आघात देखभाल, सुपर-स्पेशलिटी सेवाओं, आपदा प्रतिक्रिया सुविधाओं, अनुसंधान, चिकित्सीय शिक्षा और आधुनिक स्वास्थ्य अवसंरचना से लैस एम्स की स्वीकृति देने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) से (ग): प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) के अंतर्गत, 22 अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थानों (एम्स) की स्थापना को स्वीकृति दी गई है, जिसमें पंजाब के बठिंडा में स्थित एम्स भी शामिल है, जो कार्यशील है। इसके अतिरिक्त, पंजाब में विशिष्ट स्वास्थ्य परिचर्या सुविधा केंद्रों को सुदृढ़ और उन्नत करने के लिए, पीएमएसएसवाई के एक अन्य घटक के अंतर्गत, केंद्र-राज्य लागत-साझाकरण आधार पर सुपर स्पेशलिटी ब्लॉकों (एसएसबी) के निर्माण के माध्यम से दो सरकारी मेडिकल कॉलेजों अर्थात् (i) सरकारी मेडिकल कॉलेज,

अमृतसर और (ii) सरकारी मेडिकल कॉलेज, पटियाला का उन्नयन पूरा किया गया है। पंजाब के सीमावर्ती क्षेत्र में विशिष्ट स्वास्थ्य परिचर्या सेवाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से, भारत सरकार ने पोस्टग्रेजुएट इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च (पीजीआईएमईआर), फरीदकोट, चंडीगढ़ में 100-बिस्तरों वाला सैटेलाइट केंद्र स्थापित करने की स्वीकृति दी है। वर्तमान पीएमएसएसवाई चरण में पंजाब के अमृतसर में नया एम्स स्थापित करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

******